राजकीय ई–मेल

**कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान, जयपुर**

क्रमांक : एफ 5(1)2023 / कार्मिक / प्रमुवसं / 676 दिनांक : 21/3/2023

निमित्त,

समस्त कार्यालयाध्यक्ष।

विषय :– निजी कार्यों के लिए विदेश यात्रा के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि अधीनस्थ कार्यालयों से निजी कार्यों के लिए विदेश यात्रा की अनुमति हेतु कार्मिकों के आवेदन पत्र विदेश यात्रा प्रारम्भ होने के कुछ दिन पूर्व ही इस कार्यालय को प्रेषित किये जाते है। फलस्वरूप उक्त आवेदन पत्रों पर विदेश यात्रा अवधि से पूर्व नियमानुसार कार्यवाही किया जाना संभव नहीं हो पाता है। इसके अतिरिक्त कुछ कार्मिक विदेश यात्रा पर जाने की स्वीकृति प्राप्त करने से पूर्व ही विदेश यात्रा पर चले जाते हैं जो कि नियम विरूद्ध है।

वित्त विभाग (नियम अनुभाग) के परिपत्र दिनांक 17.02.2012 में निर्देशित किया गया है कि विदेश में निजी यात्रा पर जाने के इच्छुक अधिकारी /कार्मिक कम से कम तीन सप्ताह पूर्व सक्षम अधिकारी को अपना अवकाश आवेदन पत्र प्रस्तुत करेंगे, ताकि सक्षम अधिकारी द्वारा यथोचित निर्णय लेकर विदेश यात्रा प्रारंभ होने की तिथि से पूर्व ही अवकाश की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति के संबंध में सूचित किया जा सके।

अतः समस्त कार्यालयाध्यक्ष / कार्मिकों को निर्देशित किया जाता है कि :–

1. कार्मिक यथा संभव भविष्य में अवकाश स्वीकृति एवं विदेश यात्रा की अनुमति मिलने के उपरांत ही विदेश जाने संबंधी सभी व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करें तथा अवकाश हेतु आवेदन समय पूर्व प्राप्त करें। भविष्य में टिकिट व अन्य व्यस्थायें कर लिये जाने को अवकाश स्वीकृति का आधार नहीं माना जावेगा।
2. निजी कार्यों के लिए विदेश यात्रा पर जाने वाला कार्मिक संलग्न प्रपत्र (परिशिष्ठ–अ) में आवेदन मय शपथ –पत्र / चैकलिस्ट (परिशिष्ठ–ब) वित्त विभाग (नियम अनुभाग) के परिपत्र दिनांक 17.02.2012 के अनुसार निर्धारित समय सीमा में अपने नियंत्रण अधिकारी को प्रस्तुत करेगा।
3. नियंत्रण अधिकारी (कार्यालयाध्यक्ष) आवेदन पत्र का परीक्षण कर मय संलग्न (परिशिष्ठ–स) प्रमाण–पत्र विदेश यात्रा की अनुमति हेतु इस कार्यालय को विशेष वाहक स्तर पर विदेश यात्रा अवधि से 21 दिवस पूर्व भिजवाना सुनिश्चित करें।

विभागाध्यक्ष से बिना पूर्व स्वीकृति के विदेश यात्रा करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उपरोक्त निर्देशों की कठोरता से पालना की जावे एवं समस्त कार्मिकों को उक्त निर्देशों की पालना हेतु पाबन्द करें।

भवदीय,

(डॉ. दीप नारायण पाण्डेय)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(वन बल प्रमुख)
राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ.5(1)2023 / कार्मिक / प्रमुवसं / 677 दिनांक : 21/3/2023

प्रतिलिपि उप वन संरक्षक (सूचना एवं प्रौद्योगिकी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशन किए जाने हेतु प्रेषित है।

(बृज मोहन गुप्ता)
उप वन संरक्षक (अराज.प्रस्था.)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक
राजस्थान जयपुर

Signature valid
Digitally signed by Deep Narayan Pandey
Designation : Principal Chief Conservator Of Forest
Date: 2023.03.17 1?:46:43 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 3344157

परिशिष्ठ–अ

# FORM FOR VISIT ABROAD

| S.No. | Details | To be filled up |
|---|---|---|
| 1 | Name of the officer | |
| 2 | Service and Year of Recruitment | |
| 3 | Present posting | |
| 4 | Whether any De pending? | |
| 5 | Whether any FIR / Complaint pending? | |
| 6 | Whether a Criminal Case is pending in Court of Law in which challan has been put up ? | |
| 7 | Period of Visit abroad (From ……. ……. To…………… ) | |
| 8 | Names of Foreign Countries to be visited | |
| 9 | Estimated expenditure on visit (Travel, board/ loading, visa, misc, etc.) | |
| 10 | Source of funds | |
| 11 | Reasons for the visit | |

Enclosed – 1. Passport copy
2. Affidavit/Check list

I hereby declare that the contents given above are true to the best of my knowledge and belief and nothing has been concealed therein.

Signature of Applicant)

Place :

Date :

RajKaj Ref No. : 3344157

Signature valid
Digitally signed by Deep Narayan Pandey
Designation : Principal Chief Conservator Of Forest
Date: 2023.03.17 15:46:43 IST
Reason: Approved

परिशिष्ठ–ब

## विदेश यात्रा हेतु शपथ–पत्र/चैक लिस्ट

मैं ............. पुत्र श्री ................., उम्र.........वर्ष, जाति..............पद.............., कार्यालय का नाम............ में कार्यरत हूँ जोकि मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि : –

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विदेश जाने वाले कर्मचारी का नाम व पद | |
| 2. | पदस्थापन स्थान | |
| 3. | जन्मतिथि एव प्रथम नियुक्ति तिथि | |
| 4. | सेवा स्थाई या अस्थाई | |
| 5. | वर्तमान निवास का पूरा व स्पष्ट पता | |
| 6. | क्या इनकी वहा कोई स्थाई सम्पति है, विवरण दे | |
| 7. | क्या इनका वहाँ कोई रिश्तेदार रहता है, यदि हा तो उनका पूरा विवरण दे | |
| 8. | गृह जिले का स्थाई पता | |
| 9. | नियुक्ति शर्तो के अनुसार राज्य सेवा पूर्ण कर ली अथवा नही | |
| 10. | विदेश मे रहने का स्थान | |
| 11. | विदेश में जाने का प्रयोजन/अवधि अंकित करे | |
| 12. | क्या अवकाश हेतु प्रार्थना–पत्र पेश कर दिया है | |
| 13. | सक्षम अधिकारी से अवकाश स्वीकृत करवाकर ही विदेश जाएंगे | |
| 14. | विदेश जाने के बाद अवकाश वृद्धि नही करवायेंगे | |
| 15. | विदेश मे रहते हुए किसी प्रकार से त्याग–पत्र नही देंगे | |
| 16. | विदेश आने–जाने का खर्चा स्वयं वहन करेंगे | |
| 17. | विदेश जाकर वहाँ किसी भी प्रकार की सेवा (नौकरी), नहीं करेंगे और ना ही वहां किसी प्रकार का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे | |
| 18. | विदेश जाकर किसी प्रकार का अध्ययन नहीं करेंगे और ना ही किसी प्रकार का कोई व्यवसाय करेंगे | |
| 19. | कर्मचारी के पास कोई गोपनीय कार्य है अथवा नहीं | |

Signature valid

Digitally signed by Deep Narayan Pandey
Designation : Principal Chief Conservator Of Forest
Date: 2023.03.17 15:46:43 IST
Reason: Approved

| | | |
|---|---|---|
| 20. | कर्मचारी के पास कोई सरकारी धनराशि अथवा कोई सरकारी सामान बकाया है अथवा नहीं | |
| 21. | कर्मचारी के विरूद्ध किसी भी प्रकार की विभागीय जांच आदि चल रही है अथवा नही | |
| 22. | वर्तमान प्रभारी /अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण–पत्र | |

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं शपथग्रहिता अपने शपथ–पत्र में वर्णित संख्या 1 से 22 को अपनी निजी जानकारी एवं विश्वास के आधार पर सही होना सत्यापित करता हूँ। ईश्वर ही मेरी मदद करें।

दिनांक :

स्थान :

शपथकर्ता

नोट : – उक्त शपथ–पत्र 50 रुपये के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पर प्रेषित करें।

Signature valid

Digitally signed by Deep Narayan Pandey
Designation : Principal Chief Conservator Of Forest
Date: 2023.03.17 15:46:43 IST
Reason: Approved

परिशिष्ठ–स

## कार्यालयाध्यक्ष द्वारा दिये जाने वाला प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि :–

1. आवेदक किसी बन्ध पत्र के अधीन नहीं है।
2. आवेदक के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई अनुशासनिक एवं विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित नहीं है, ना ही कोई फौजदारी मुकदमा विचाराधीन है।
3. आवेदक के संबंध में ऐसे कोई तथ्य नहीं पाये गये है, जो आवेदक को राजकीय/राष्ट्रीय सुरक्षा के विपरीत घोषित करते हो।
4. आवेदक की अनुपस्थिति में कार्यालय का किसी प्रकार का कार्य प्रभावित नहीं होगा।
5. आवेदक किसी भी निलम्बन आदेश के तहत कार्यरत नहीं है।

कार्यालयाध्यक्ष के हस्ताक्षर

मय मोहर

नोट :– सेवापुस्तिका के प्रथम पृष्ठ की छाया प्रति संलग्न है।

दिनांक :–

Signature valid

Digitally signed by Deep Narayan Pandey
Designation : Principal Chief Conservator Of Forest
Date: 2023.03.17 15:46:43 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 3344157